दिनांक : 18.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 समझौतों पर हस्ताक्षर। प्रधानमंत्री ने कहा-द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तार से हुई चर्चा।
- राज्य विधानसभा का बजट सत्र जारी। आज कई विधायी कार्य किये जाएंगे संपन्न।
- भोपाल में आज पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला का आयोजन।
- इंदौर में रंगपंचमी पर्व को लेकर तैयारियां जारी। सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था।

न्यूजीलैंड प्रधानमंत्री यात्रा

भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी और वानिकी क्षेत्रों में पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। नई दिल्ली में कल दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने और पेशेवरों तथा कुशल श्रमिकों का आवागमन सुविधाजनक बनाने की व्यवस्था पर बातचीत की घोषणा की। न्यूजीलैंड हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत की। इसके बाद जारी प्रेस वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की है।

मुख्यमंत्री पॉडकॉस्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा की। पॉडकास्ट में पीएम श्री मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहडोल ही नहीं पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में फुटबाल को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद दी जायेगी।

स्मार्ट सिटी भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 5 बजे भोपाल स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के नवनिर्मित शासकीय आवासों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह टीटी नगर में होटल पलाश के सामने आयोजित होगा। 364 जी टाईप आवासों के निर्माण की लागत 116 करोड़ 26 लाख रूपये है। आज प्रथम चरण में बनाये गये आवासों का लोकार्पण होगा। परिसर में कुल 700 शासकीय आवासों का निर्माण किया जाना है।

विधानसभा बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज छठवां दिन है। आज विभिन्न विधायी कार्यों के साथ ही नगर तथा ग्राम निवेश संशोधन विधेयक पर चर्चा हो सकती है। इसे कल नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में रखा था। कल विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वर्ष 2024-25 में अनुपूरक राशि के लिए प्रस्ताव दिया। इसके बाद अनुपूरक बजट चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। विधानसभा में मध्य प्रदेश विनियोग विधेयक 2025 पारित किया गया। इसके साथ ही कैग 2022 की एक रिपोर्ट भी पेश की गई।

छावा मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के होटल लेक व्यू अशोका स्थित एमपीटी के ओपन थियेटर में केबिनेट के साथ 17वीं सदी में शासक रहे छत्रपति संभाजीराव महाराज के जीवन और संघर्ष पर बनी फिल्म "छावा" देखी। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मध्यप्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री भी किया है। फिल्म देखने के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह राष्ट्र प्रेम का संदेश देने वाली प्रेरक फिल्म है।

पोषण भी-पढ़ाई भी

महिला बाल विकास विभाग के संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों के लिए पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज भोपाल में किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। केन्द्र सरकार के "पोषण भी-प□ई भी" कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च और 24 से 26 मार्च को होगा।

रेलवे

भारतीय रेलवे के किराए को लेकर कल राज्यसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैश्णव ने कहा है कि भारतीय रेलवे का किराया न केवल पड़ोसी देशों बल्कि पश्चिमी देशों के मुकाबले भी काफी कम है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में रेल का किराया भारत की तुलना में 10 से 15 प्रतिशत तक ज्यादा है। हमारा प्रयास भारतीयों को कम पैसे में ज्यादा सुविधा देने का है।

इंदौर रंगपंचमी

इंदौर में कल 19 मार्च को परम्परागत रूप से रंगपंचमी की गेरें निकलेंगी। इसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल कलेक्टर आशीष सिंह और पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने निर्धारित गेर मार्गों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि पूरे मार्ग पर निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा हैं। आकस्मिक चिकित्सा के लिये भी प्रबंध किये जा रहे हैं। इंदौर शहर की इस पहचान इस विश्व प्रसिद्ध त्यौहार को देखने के लिए गेर मार्ग के भवनों पर नागरिकों के लिए बैठने की भी व्यवस्था की जा रही है।

गेंहू खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 मार्च से शुरू हो चुकी है जो 5 मई तक की जायेगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सरकार गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अलावा किसानों को 175 रुपये प्रति क्विटल बोनस भी देगी। इस बार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। इसके लिए किसान 31 मार्च तक पंजीयन करवा सकते हैं। खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस बीच भोपाल जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का काम जारी है। भोपाल में हुई एक बैठक में प्रभारी कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने खरीदी केंद्रों पर छाया के लिए टेंट, पेयजल और शौचालय के समस्त इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं।

डायनोसोर पार्क

इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में कल डायनोसोर नेशनल पार्क एवं सरदारपुर वन्यजीव अभ्यारण्य के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र, जिला वन मंडलाधिकारी सहित पंचायत एवं वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त ने बताया कि धार जिले के बाग तहसील में डायनोसोर नेशनल पार्क बनेगा। यह नेशनल पार्क भोपाल और मेघनगर रोड़ के बीच में होगा। इस नेशनल पार्क के आसपास बड़केश्वर महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर, ऐतिहासिक बाग गुफाएं और किले हैं, जो पर्यटकों को यहां आने के लिये आकर्षित करेंगे। यहां विशेषकर खरमोर पक्षी का संरक्षण किया जायेगा। यहां टीक, बबूल, पलाश, अंजन जैसे कई पेड़ पौधों की विशाल श्रृंखला भी होगी।

कबड्डी विश्व कप

कबड्डी विश्व कप 2025 में, आज शाम इंग्लैंड में वॉल्वरहैम्प्टन के मैदान में भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमें उतरेंगी। महिला टीम का सामना ग्रुप डी की वेल्स टीम के साथ होगा, जबकि पुरुष टीम ग्रुप बी की स्कॉटलैंड के साथ भिड़ेगी।

कबड्डी विश्व कप 2025 कल शुरू हुआ। भारतीय पुरुष टीम ने इटली को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।

भारत की पुरुष और महिला दोनों टीमें इस प्रतियोगिता की पूर्व विजेता हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा जिले के ओंकारेश्वर जाएंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला के स्वर्गीय हीरन सिंह परते के परिवार को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। 9 मार्च को बिछिया तहसील के ग्राम खटिया के निवासी हीरन सिंह परते की मृत्यु के संदर्भ में यह सहायता स्वीकृत की गई है।
- शिवपुरी की करौंदी आदिवासी बस्ती वार्ड क्रमांक 1 में सेवा भारती द्वारा कल एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज किया गया।
- नर्मदापुरम जिले के केंद्रीय कारागार में महिला बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगरमालवा जिले में स्थित कामधेनु गौ-अभ्यारण्य में संभावित भ्रमण को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा अधिकारियों के साथ गौ-अभ्यारण्य का भ्रमण किया गया।

--------------